न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– लक्ष्मण सिंह कुडी
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 143/2022

मंगलचंद सैनी पुत्र श्री भगवानाराम, ग्रा0पो0 बडागांव, जिला झुंझुनूं, पिन कोड 333021, मो0न0 9828369785

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

आदेश

दिनांक 19.05.2022

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 28.04.2022 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 143/2022 पर दिनांक 29.04.2022 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2021/1834–35 दिनांक 29.04.2022 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16 (4)(5)न्याय/ सू0अ0/22/580 दिनांक 09.05.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी मंगलचंद सैनी पुत्र श्री भगवानाराम, ग्रा0पो0 बडागांव, जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 02.03.2022 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4)(5)न्याय/सू0अ0/09/88 दिनांक 14.03.2022 के द्वारा प्रभारी अधिकारी पंचायत अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी, पंचायत अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं ने अपने पत्र कमांक 102 दिनांक 21.04.2022 के द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् झुंझुनूं को प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना उपलब्ध करवाने हेतु पत्र लिखा गया है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं पत्रांक एफ 16 (4)(5)न्याय/ सू0अ0/22/580 दिनांक 09.05.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी मंगलचंद सैनी पुत्र श्री भगवानाराम, ग्रा0पो0 बडागांव, जिला झुंझुनूं का आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे दिनांक 02.03.2022 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4)(5)न्याय/सू0अ0/09/88 दिनांक 14.03.2022 के द्वारा प्रभारी अधिकारी पंचायत अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी, पंचायत अनुभाग, कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं ने अपने पत्र कमांक 102 दिनांक 21.04.2022 के द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् झुंझुनूं को प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना उपलब्ध करवाने हेतु पत्र लिखा गया है। चूंकि यह स्पष्ट नही है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, झुंझुनूं द्वारा प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करवाई गई है या नही। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् झुंझुनूं को आदेश दिये जाते है कि प्रार्थी को चाही गई सूचना 7 दिवस मे निःशुल्क उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि [illegible] अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 19.05.2022 को [illegible] सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.05.20 16:55:06 IST
Reason: SelfAttested

(एल0एस0कुडी)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं

जिला कलक्टर झुन्झुनूं